तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 21 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 हरा सोना बना ग्रामीणों की उम्मीद जिले में शुरू हुई तेंदूपत्ता की खरीदी

खबर संक्षेप

एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद 25 मई

अम्बिकापुर। जिला पंचायत सरगुजा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 25 मई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष, अंबिकापुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के परिपालन हेतु जारी निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व सम्बन्धितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

नीट परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क विषय आधारित मार्गदर्शन

अम्बिकापुर। जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर द्वारा जिले के ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष निःशुल्क मार्गदर्शन कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है, जो नीट 2026 परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं तथा परीक्षा स्थगित होने के कारण आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली छम्म्ज परीक्षा में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार विषय आधारित निःशुल्क मार्गदर्शन कक्षाएं 21 मई से मल्टीपर्पज परिसर स्थित एस-30 कैम्पस में प्रारंभ की जाएंगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों का पंजीयन 20 मई को प्रातः 7.30 बजे से एस-30 कैम्पस, मल्टीपर्पज स्कूल अम्बिकापुर में किया जाएगा। वहीं कक्षाओं का संचालन 21 मई से प्रतिदिन प्रातः 7.30 बजे से किया जाएगा। डीईओ ने बताया कि जिले के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं तथा प्रारंभ होने वाली कक्षाओं में सम्मिलित हो सकते हैं।

मवेशी को बचाने के चक्कर में सड़क पर गिरे बाइक सवार, एक युवक की मौत

अम्बिकापुर। कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरिमा जूनापारा निवासी सुखनाथ आ. स्व. संजीवन (32 वर्ष) दो माह पूर्व ग्राम कछार निवासी जीजा पारसनाथ के यहां काम करने गया था। 13 मई को जीजा पारसनाथ के साथ बाइक से ग्राम कछार जा रहे थे। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर मवेशी के आ जाने से बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा सुखनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन इलाज कराने के पश्चात परिजन पैसा कम पड़ जाने पर युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

शहर में निकाली रैली, किया विरोध प्रदर्शन

ऑनलाइन बिक्री के विरोध में बंद रही सरगुजा की दवा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को सरगुजा समेत संभाग भर में दवा दुकानें बंद रही। ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में इस देश व्यापी हड़ताल का आयोजन किया गया। इस हड़ताल का असर जिले में भी देखने को मिला और सभी दवा दुकानों में ताला लटका रहा। इस हड़ताल से एक ओर जहां करोड़ो का दवा कारोबार प्रभावित हुआ तो वहीं लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि इस दौरान प्रशासन द्वारा शासकीय दवा दुकानों को खुला रखा गया था।

खास बात

- लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

बता दें कि ऑनलाइन द्वारा बिक्री के विरोध में ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा ऑनलाइन दवा की बिक्री के विरोध में एक दिवसीय देश व्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया था। दवा व्यवसायियों की इस हड़ताल सरगुजा संभाग में भी देखने को मिला और सुबह से ही शहर सहित सरगुजा में मौजूद सभी दवा दुकानें, थोक दवा दुकान बंद रही। इस दौरान दवा विक्रेताओं ने शहर में रैली निकाली और लोगों की लोगों को ऑनलाइन दवा की खरीदी नहीं करने का आह्वान करने के साथ ही ऑनलाइन दवाओं के नुकसान की जानकारी दी। इस हड़ताल के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और लोग दवा के लिए भटकते नजर आए। इस हड़ताल के कारण सरगुजा में करोड़ो रूपए का दवा कारोबार भी प्रभावित हुआ है। हालांकि एसोसिएशन ने इस हड़ताल के दौरान एमरजेंसी सेवाओं को चालु रखा गया था और शासकीय अस्पतालों के साथ ही जेनरिक दवा दुकानें संचालित रही जिससे लोगों को थोड़ी राहत जरुर मिली। दिनभर चले प्रदर्शन के बाद संघ ने सरकार से ऑनलाइन दवा खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने की मांग की और मांग पूर्ण नहीं होने पर भविष्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी।

बंद दवा दुकान।

प्रदर्शन करते व्यवसायी।

सप्लाई हो रही नशे की दवा, गर्भ निरोधक गोलियां

औषधि विक्रेता संघ के विधिक सलाहकार राधे श्याम अग्रवाल ने बताया कि हम ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध नहीं कर रहे लेकिन ऑनलाइन आने वाली दवाओं की गुणवत्ता, उनके स्रोत और सत्यता का कोई पुख्ता मानक या रिकॉर्ड नहीं है, जिससे इसके दुरुपयोग और नशे की प्रवृत्ति बढ़ने की चिंताजनक स्थिति पैदा हो रही है। दवाओं के गुणवत्ता का पता आम जनता को नहीं चल पाता है। ऑनलाइन में मिलने वाली सस्ती दवाओं में से ज्यादातर नकली होती है। इसके साथ ही हमारे बच्चे ऑनलाइन नशे के रूप में उपयोग की जाने वाली दवा आसानी से हासिल कर ले रहे है। गर्भ निरोधक दवाओं की दुकानों में बिक्री पर रोक लगा दी गई है लेकिन ऑनलाइन में यह आसानी से उपलब्ध है जिसका गलत उपयोग हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि संघ का यह आन्दोलन आम नागरिकों के लिए ही है।

करेंगे अनिश्चित कालीन हड़ताल

केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य नरेंद्र सिंह टुटेजा ने बताया कि ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर सरगुजा में भी दवा दुकानें बंद रही। ऑन लाइन दवा की बिक्री कर लोगों की सेहत के साथ समझौता किया जा रहा है। ऑनलाइन दवाओं की बिक्री में गुणवत्ता के साथ समझौता किया जा रहा है जबकि आपके शहर और पड़ोस में रहने वाला केमिस्ट कभी भी गलत दवा नहीं दे सकता। ऑनलाइन दवा का कोई सोर्स नहीं है और इसको ट्रैक करना भी मुश्किल हो जाता है। ऑनलाइन दवा बिक्री करने वालों में कोई नैतिकता नहीं है और जनता की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि ऑनलाइन दवा बिक्री बंद नहीं की गई तो भविष्य में अनिश्चत कालीन हड़ताल किया जाएगा।

देशव्यापी दवा दुकान बंद के समर्थन में जिले में बंद रहीं दवा दुकानें

रामानुजगंज। देशव्यापी दवा दुकान बंद आज पूरी तरह से जिले में सफल रहा, बंद के समर्थन में सभी केमिस्ट अपनी प्रतिष्ठान को पूरी तरह से बंद रखें। आज संघ के लोगों ने प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत कर शासन का ध्यान जनस्वास्थ्य एवं मरीज की सुरक्षा से जुड़े अत्यंत गंभीर विषयों की ओर आकर्षित कराया। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट रूप से प्रावधान नहीं होने के बावजूद विभिन्न ऑनलाइन कंपनियों वर्षों से दवाओ की बिक्री कर रही है। साथ ही चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपने के दौरान अजय गुप्ता, डॉ. विजय सोनी, उल्लास सोनी, हिमांशु गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, दिव्यांशु, कृष्णा ठाकुर, गणेश मिस्त्री, इम्तियाज आलम, अफ़रोज आलम, मिथलेश गुप्ता, रेयाजुद्दिन आलम, आफ़ताब उपस्थित थे।

तहसील कार्यालय परिसर में की मारपीट, मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

तहसील कोर्ट में सुनवाई के दौरान दो पक्षों के बीच शुरू हुए विवाद में जमकर लाठी डंडा चला। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया और मारपीट की जिस से तहसील और सिविल कोर्ट परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हुआ। अब मामले में तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने मारपीट करने वाले दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

- पुलिस ने दस आरोपियों को किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है की वाड्रफनगर तहसीलदार गुरुदत्त पंचभाय के कोर्ट में 19 मई को पक्षकार आवेदक इलियासुद्दीन आ. जलालुद्दीन के विरूद्ध अनावेदक रसीद आ. इलियास, अफजल आ. इलियास, इलियास आ. इस्ताज के प्रकरण की सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के दौरान इसी दरम्यान अनावेदक पक्ष के पक्षकार एवं उनके साथ साक्ष्य हेतु उपस्थित गवाहों द्वारा दूसरे पक्ष के अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वाद विवाद एवं मारपीट करने लगे। इसके साथ ही कोर्ट रूम से बाहर तहसील एवं सिविल कोर्ट परिसर में दोनों पक्षों द्वारा आपस में मारपीट की गई जिससे परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हुआ और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में ग्राम परसडीहा निवासी अफजल आ. इलियास, इलियास आ. इस्ताज, इलियासुद्दीन आ. जलालुद्दीन, अमरनाथ गहरवरिया आ. गंगाराम, इन्द्रास आ. स्व. इस्ताज, उदयनाथ गहरवरिया आ. त्रिवेणी, रामसकल वर्मा आ. जवाहिर, चन्द्रवली गहरवरिया आ. स्व. सोबरन राम, दिनेश पटेल आ. रामविचार पटेल, मनधारी खैरा आ. हरवंशू राम खैरा को बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 224, 190, 191 (2), 121, 132, 194 (2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने अराजक तत्वों को चेतावनी दी है कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य एवं अन्य अवैध गतिविधियां में संलिप्त रहना पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मकानों में भंडारित कर रखा गया 300 बोरी डीएपी खाद जब्त

राजपुर। खरीफ सीजन शुरू होने में अभी महीनों का समय है और अभी से ही माफिया व कोचिया खाद के अवैध भंडारण में व्यस्त हो गए है। कोचियों द्वारा इस खाद का उपयोग किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर मोटी कमाई करने के लिए किया जाएगा। अवैध रूप से खाद भंडारित करने का ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में सामने आया है। बुधवार को अवैध खाद भंडारण की सूचना पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के निर्देशन में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम नरसिंहपुर में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में डीएपी खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान नरसिंहपुर बसंत जायसवाल, छत्रपाल तथा कमलावती जायसवाल के मकानों में 100-100 बोरी डीएपी खाद सहित कुल 300 बोरी खाद भंडारित पाया गया। संबंधित व्यक्तियों से खाद के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में सभी ने उक्त खाद ग्राम खुखरी निवासी खाद विक्रेता संदीप जायसवाल का होना बताया। इसके पश्चात मौके पर पहुंचकर संदीप जायसवाल ने उक्त खाद अपना होना स्वीकार किया, संदीप जायसवाल के द्वारा भी खाद भंडारण एवं परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। दस्तावेजों के अभाव में टीम द्वारा समस्त 300 बोरी डीएपी खाद जप्त कर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से इस बात की पुष्टि हुई है की कोचिया और तस्कर अभी से ही लोगों के घरों में डीएपी खाद का भंडारण कर रहे है और जिस समय किसानों को खाद की सबसे ज्यादा जरूरत होगी तभी इनकी बिक्री कर उनकी मजबूरी का फायदा उठाया जाएगा। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजपुर सहित राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रहे।

लगातार कई घंटों की बिजली कटौती से परेशान महिलाओं ने जीएम ऑफिस का किया घेराव

बिश्रामपुर। एसईसीएल कॉलोनियों में इन दिनों लगातार कई घंटों की हो रही बिजली कटौती से परेशान आरटीआई, माईनर्स, चोपड़ा कॉलोनी की दर्जनों नाराज महिलाओं ने महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर विरोध जताते हुए घेराव किया, प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की एवं जीएम संचालन जीके रॉय को समस्या का शीघ्र निराकरण कराने हेतु शिकायत पत्र सौंपा।

- एसईसीएल विद्युत सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर बैकअप की कमी, रिपेयर कर चलाया जा रहा काम

आक्रोशित महिलाओं ने बताया कि लगातार बिजली कटौती के कारण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने से पावर कट की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि पांच केवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर की मांग कंपनी प्रबंधन से की गई है और उम्मीद है कि सप्ताह-दस दिनों के भीतर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो जाएगा, जिससे समस्या का समाधान हो सकेगा। डिप्टी जीएम ने महिलाओं को बताया कि आरटीआई कॉलोनी एवं आसपास की झुग्गी बस्तियों में अवैध विद्युत कनेक्शनों के कारण भी लोड बढ़ रहा है, जिससे बार-बार बिजली बाधित हो रही है। उन्होंने सुरक्षा विभाग को गुरुवार से आरटीआई कॉलोनी में रहने वाले गैरकर्मियों एवं कब्जाधारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।कम्पनी प्रबंधन ने आरटीआई कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों में अवैध कब्जाधारियों की पहचान के लिए नए सिरे से सर्वे कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत सेवानिवृत्ति के बाद भी क्वार्टर पर कब्जा जमाए लोगों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जाएंगे। विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि टूए ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित अधिकारियों के क्वाटरों की पॉवर सप्लाई बाधित न हो इस कारण से माइनर्स, चोपड़ा, आरटीआई कॉलोनी में विद्युत सप्लाई की कटौती की जा रही है, भीषण गर्मी व हीटवेव के दौरान पंखे, कूलर के बिना आमजनों का जीना मुश्किल हो गया है, कॉलोनी की पूरी पानी सप्लाई बिजली मोटर पर टिकी हुई है, बिना पानी के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार एसईसीएल सबस्टेशन यूनिट में ट्रांसफार्मर स्टॉक की कमी बनी हुई है, इस कारण से जल जाने या खराबी आने पर ट्रांसफार्मर को रिपेयर कर काम चलाया जाता है, नये ट्रांसफार्मर की स्थापना नहीं की जा रही।

सब्जी नहीं बनाने को लेकर विवाद में की थी महिला की हत्या

अंबिकापुर। 19 मई की सुबह शहर के टीपी नगर कदमपारा स्थित किराए के मकान में एक महिला की अर्धनग्न लाश मिली थी। महिला की पहचान सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केरजु निवासी 32 वर्षीया सुखमनिया पति जमुना चिकवा के रूप में की गई जो किराए के मकान में पति और दो बच्चों के साथ रहती थी। घटना की सुबह ही पति के काम पर कुसमी जाने की बात भी सामने आई थी। मामले में महिला के चचेरे भाई जशपुर बगीचा निवासी कैलाश राम आ. अघनू ने पुलिस महिला के हत्या की आशंका व्यक्त की गई थी जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसके साथ ही बुधवार को पुलिस ने मृतिका का पीएम कराया जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि महिला की के पसली की हड्डी टूटी हुई थी और फेफड़ा फट गया था जिससे अंदरूनी रक्त स्त्राव हुआ था। पुलिस ने मामले में घेराबंदी कर आरोपी केरजु चैकी के कुमनसिया निवासी 35 वर्षीय जमुआ चिकवा आ. स्व. बिलास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला शराब पीने की आदि थी और शराब पीकर खाना नहीं बनाती थी। घटना दिवस की रात भी महिला ने सब्जी नहीं बनाई थी। रात को शराब पीने के बाद दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद में उसने महिला के छाती पर चढ़कर दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी डरकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की हुई शुरुआत, वक्ताओं ने रखे अपने विचार

संगठन की रीति-नीति को पहुंचाएं जन-जन तक : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को भाजपा सरगुजा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षणार्थी कार्यकर्ताओं का पंजीयन किया गया तथा प्रदर्शनी दर्शन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भाजपा का ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, संगठन भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी अवधेश चंदेल, जिला सह प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा एवं सुनील गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। इस सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने की तथा इस सत्र को कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए देश के समक्ष चुनौतियाँ विषय पर अपने विचार रखे। राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन देश के सामने सामाजिक, वैचारिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी अनेक चुनौतियां भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और संगठन की विचारधारा को पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्वागत उद्बोधन एवं वक्ता परिचय देते हुए जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं दायित्वों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो, महापौर मंजूषा भगत, हरपाल सिंह भामरा, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, ललन प्रताप सिंह, अम्बिकेश केशरी, विनोद हर्ष, अरुणा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित मंत्री व पदाधिकारी।

खबर संक्षेप

अवैध रूप से हस्तांतरित 29 दुकानों का हस्तांतरण निरस्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

अम्बिकापुर। भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप ननि क्षेत्रान्तर्गत कंपनी बाजार में रजाई-गद्दे का व्यवसाय करने वाले 29 दुकानों को

आईडीएसएमटी योजना अंतर्गत अवैध हस्तांतरण को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा आईडी एसएमटी योजनान्तर्गत 1 दिसम्बर 2015 को रजाई-गद्दा का व्यवसाय करने वाले विशेष समुदाय के व्यवसाइयों को 29 दुकानें अवैध तरीके से हस्तांतरित की गई है। नियमानुसार दुकानों को आवंटित करने का प्रावधान है। नगरीय प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 23 नवम्बर 2001 के अनुसार योजना के अध्यक्ष कलेक्टर एवं सचिव सदस्य ननि आयुक्त, सदस्य नगर एवं ग्राम निवेश अनुमोदन पश्चात ही योजना अंतर्गत दुकानों का आवंटन करने का प्रावधान है लेकिन सक्षम पदाधिकारियों की अनुमति बिना ननि द्वारा विशेष समुदाय के व्यवसाइयों को 29 दुकाने हस्तांतरित की गई है। इन व्यवसाइयों द्वारा वर्षों से किराए का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस नियम विरूद्ध हस्तांतरण को निरस्त करने से ननि की आय में वृद्धि होगी।

प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त हुए रतन अग्रवाल

बिश्रामपुर। सामाजिक संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले बिश्रामपुर के युवा समाजसेवी रतनलाल अग्रवाल को छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। यह नियुक्ति मंच के प्रदेश संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिवल्लभ अग्रवाल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष नितेश अग्रवाल व प्रदेश महामंत्री पंकज अग्रवाल ने की है। रतनलाल अग्रवाल ने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने में सभी के सहयोग से अहम भूमिका निभाएंगे।

जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होगी विशेष ग्राम सभा

अम्बिकापुर। कलेक्टरअजीत वसंत ने जिले के प्रत्येक ग्रामों एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के वाचन एवं परिपालन हेतु 21 मई 2026 को विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत विशेष ग्राम सभा में गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा के सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति कराने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा।

निधन

यादव विकास



अम्बिकापुर। शहर में शायर ए शहर के नाम से विख्यात वरिष्ठ कवि यादव विकास का 86 वर्ष की आयु में 19 मई को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार 20 मई को शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र कुमार यादव ने दी। वे अपने पीछे 2 पुत्र और 4 पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

जगदीश सोनी

सीतापुर। नगर के वयोवृद्ध नागरिक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश सोनी का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे शिक्षक दीपक सोनी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को केशला मांड नदी के तट पर किया जाएगा।

पहाड़ों और जंगलों से पत्ता तोड़कर ला रहे ग्रामीण

हरा सोना बना ग्रामीणों की उम्मीद जिले में शुरू हुई तेंदूपत्ता की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में रविवार से हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू हो गई। वन परिक्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बनाए गए फड़ों में सुबह से ही ग्रामीण तेंदूपत्ता लेकर पहुंचने लगे। ग्राम पंचायत पुरानडीह के फड़ में पहले ही दिन करीब 40 संग्राहकों ने सीजन का पहला तेंदूपत्ता जमा किया। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होते ही ग्रामीण इलाकों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ गई हैं और हजारों परिवारों के लिए यह रोजगार व आजीविका का बड़ा सहारा बन गया है।

खास बात
- तेंदूपत्ता सीजन से हजारों परिवारों को मिल रहा सहारा

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ना आसान काम नहीं है। इसके लिए सुबह अंधेरा रहते ही परिवार के सदस्य जंगल और पहाड़ों की ओर निकल पड़ते हैं। कई किलोमीटर दूर जंगलों में पहुंचकर घंटों मेहनत करने के बाद वे तेंदूपत्ता तोड़ते हैं। उसके बाद पत्तों की गड्डियां बनाकर फड़ तक

तेंदूपत सूखाते ग्रामीण।

लाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार पूरा दिन मेहनत करने के बाद भी केवल सौ-दो सौ बंडल ही तैयार हो पाते हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण से ग्रामीण परिवारों को अच्छी आमदनी मिलती है। वर्तमान में तेंदूपत्ता का शासकीय दर 550 रुपए प्रति सैकड़ा निर्धारित है। यानी 100 बंडल पर 550 रुपए मिलते हैं। वहीं एक मानक बोरे की कीमत लगभग 5500 रुपए है। ग्रामीणों का कहना है कि खेती के साथ-साथ तेंदूपत्ता सीजन उनके परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाता है। पुरानडीह फड़ के मुंशी उमेश कुमार ने बताया कि रविवार से तेंदूपत्ता खरीदी शुरू कर दी गई है। ग्रामीण संग्राहक लगातार फड़ में पत्ता जमा कर रहे हैं। विभाग से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार खरीदी की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शासकीय दर 550 रुपए सैकड़ा और 5500 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित है। ग्राम केरवाशीला निवासी प्रदीप हलदार ने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से तेंदूपत्ता तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। स्थानीय जंगलों में पर्याप्त पत्ता नहीं मिलने के कारण उन्हें दूरस्थ जंगलों तक जाना पड़ता है। वे अपने परिवार के साथ बछराज कुंवर सहित अन्य जंगल क्षेत्रों से तेंदूपत्ता तोड़कर पुरानडीह फड़ में जमा करते हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता सीजन से ग्रामीणों को अच्छी आर्थिक मदद मिलती है और यह ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण सहारा है।

इस संबंध में रामानुजगंज रेंजर डॉ. दिलरुबा बानो ने बताया कि वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता खरीदी का शुभारंभ हो चुका है। झारखंड सीमा से लगे क्षेत्र होने के कारण दूसरे राज्य से तेंदूपत्ता लाकर यहां बेचने की संभावना रहती है। इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। वन परिक्षेत्र के चार सर्किलों के 12 संवेदनशील क्षेत्रों में बैरियर लगाए गए हैं, ताकि बाहरी राज्यों से लाया गया तेंदूपत्ता यहां खपाया न जा सके।उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है और शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार खरीदी प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

शिवनन्दनपुर नपं चुनाव के तीन पार्षद उम्मीदवारों ने अपना नामांकन लिया वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार हो रहे निकाय चुनाव अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुके हैं।

- विभिन्न वार्डों में बागी व निर्दलीय उम्मीदवारों के मान मनौवल का चल रहा दौर

नामांकन और संवीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रत्याशियों की नजर नाम वापसी पर टिक गई है। बुधवार 20 मई को पूरे दिन चली राजनीतिक उठापटक, गुप्त बैठकों और मान-मनौव्वल के बीच वार्ड क्रमांक 15 से एक तथा वार्ड क्रमांक 6 से दो पार्षद उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। बुधवार की सुबह से ही उप तहसील कार्यालय पिलखा परिसर में राजनीतिक माहौल गर्म रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेता अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों को लेकर लगातार रणनीति बनाते दिखाई दिए। कई वार्डों में एक ही दल के अधिक दावेदार मैदान में उतर जाने से वोट बंटने का खतरा बढ़ गया था, जिसे रोकने के लिए दिन भर बातचीत का दौर चलता रहा। सूत्रों के अनुसार कई प्रत्याशियों को संगठन और वरिष्ठ नेताओं द्वारा समझाइश दी गई, जिसके बाद कुछ उम्मीदवारों ने चुनावी मैदान से पीछे हटने का फैसला लिया है। नगर पंचायत शिवनंदनपुर के चुनाव को लेकर पहले से ही क्षेत्र में खासा उत्साह बना हुआ है। यहां कुल 15 वार्डों में पहली बार चुनाव हो रहा है और शुरुआत से ही कई वार्डों में बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति बनी हुई थी। नामांकन की संवीक्षा में सभी अध्यक्ष और पार्षद पदों के आवेदन वैध पाए जाने के बाद राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ गई थी। खासकर वार्ड क्रमांक 4, 6 और 7 में सबसे ज्यादा उम्मीदवार होने के कारण मुकाबला बेहद दिलचस्प माना जा रहा था। अब नाम वापसी के बाद कई वार्डों में तस्वीर बदलने लगी है। चुनावी माहौल का असर गांव और बाजारों में भी साफ दिखाई दे रहा है। चाय दुकानों, चौक-चौराहों और मोहल्लों में पूरे दिन चुनावी चर्चाएं होती रहीं। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे करते नजर आए, जबकि राजनीतिक जानकार संभावित समीकरणों का आंकलन करते रहे। पहली बार नगर पंचायत बनने के कारण लोगों में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता देखी जा रही है। हालांकि अभी भी अंतिम तस्वीर सामने आना बाकी है। गुरुवार 21 मई को नाम वापसी की अंतिम तिथि होने के कारण देर शाम तक और भी बड़े राजनीतिक घटनाक्रम होने की संभावना जताई जा रही है। कई वार्डों में बागी उम्मीदवारों को मनाने का प्रयास लगातार जारी है। राजनीतिक दल किसी भी स्थिति में वोटों का बिखराव नहीं चाहते, इसलिए संगठन स्तर पर लगातार बैठकों का दौर जारी है।

नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्त होते ही चुनाव चिन्ह आवंटन की कार्रवाई शुरू होगी। इसके बाद प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ जनसंपर्क और प्रचार अभियान में उतर जाएंगे। वहीं 22 मई को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सभी प्रत्याशियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आदर्श आचार संहिता, प्रचार-प्रसार के नियम, रैली और सभा की अनुमति, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा मतदान दिवस से जुड़े दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशासन भी इस चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की तैयारी में जुटा हुआ है। पहली बार हो रहे नगर पंचायत चुनाव ने पूरे शिवनंदनपुर क्षेत्र का राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। अब सबकी निगाहें अंतिम नाम वापसी पर टिकी हैं, क्योंकि इसके बाद ही यह साफ होगा कि किस वार्ड में सीधा मुकाबला होगा और कहां चुनाव सबसे ज्यादा रोमांचक बनने वाला है।

सोनगरा बाजार में टला बड़ा हादसा, खड़ी बोलेरो बनी आग का गोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

सोनगरा साप्ताहिक बाजार में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब बाजार के बीच खड़ी एक बोलेरो अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बोलेरो धू धू कर जलने लगी जिससे पूरे इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन में बैठे मासूम को सुरक्षित बाहर निकाला जिससे एक बड़ी घटना टल गई।

- ग्रामीणों की सूझबूझ से बची मासूम की जान

जानकारी के अनुसार बोलेरो क्रमांक सीजी 14 एमसी 6286 जिसे चिकनी धरमपुर पार्ट बहरा निवासी रामजीवन आ. अर्जुन चला रहा था। चालक वाहन लेकर अम्बिकापुर से सोनगरा बाजार पहुंचा और वाहन को सड़क किनारे खड़ा गर सब्जी खरीदने चला गया जबकि वाहन में तीन वर्षीय मासूम तनुज आ.फिटुल मौजूद था। इसी बीच अचानक वाहन से धुआं निकलने लगा और कुछ ही क्षणों में बोलेरो आग के विशाल गोले में तब्दील हो गई। घटना का सबसे भयावह पहलू यह रहा कि वाहन के अंदर तीन वर्षीय मासूम तनुज आ. फिटुल मौजूद था। इधर वाहन में आग लगने से पहले जैसे ही लोगों की नजर गाड़ी पर पड़ी, ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए जान जोखिम में डालकर बच्चे को बाहर निकाला। ग्रामीणों की तत्परता और साहस से मासूम की जान बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में बोलेरो पूरी तरह जल गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें

विकराल रूप ले चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। घटना के बाद बाजार में काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

अम्बिकापुर। लखनपुर क्षेत्र निवासी कृष्णा राम आ. बेचन राम गत दिन साला राजेन्द्र पैकरा के साथ अपने ससुराल ग्राम मरया केदमा से भैंसा लेकर ग्राम जयपुर झाबर पैदल आ रहे थे। शाम को जैसे ही नवापारा चौक एनएच 130 पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए राजेन्द्र को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की रिपोर्ट कृष्णा राम ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

मुआवजे की मांग लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण,एसडीएम की समझाइश पर समाप्त किया आंदोलन

वाड्रफनगर। धनवार अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट निर्माण के लिए दशकों पूर्व अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान करने की मांग लेकर प्रभावित किसानों ने चेकपोस्ट पर धरना प्रदर्शन किया।एसडीएम आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त कर दिया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने

बताया कि धनवार में अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की करीब 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था।जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। मुआवजा नहीं मिलने से प्रभावित परिवार लंबे समय से परेशान है। उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई, लेकिन अब तक भूमि का मुआवजा भुकतान अबतक नहीं किया गया जिससे प्रभावित परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।सूचना पर एसडीएम मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली और जल्द समाधान कराने का भरोसा दिया।एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और धरना समाप्त कर दिया।एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं का नियमानुसार समाधान कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

संदल चादर के साथ हुई सद्भावना ग्राम तकिया में उर्स की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उर्स में शामिल समाज के लोग।

सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा बुरादशाह और हजरत बाबा मोहम्मद शाह के सालाना उर्स का बुधवार को आगाज हुआ। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा धूमधाम से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली गई। जुलूस उपरान्त मजार में चादरपोशी कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके साथ ही देश व दुनिया में अमन चैन और शांति की दुआ मांगी गई। वहीं उर्स के तहत कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन किया जाएगा।

- कवि सम्मेलन के साथ होगा कव्वाली का मुकाबला

बता दें कि सद्भावना ग्राम तकिया में 20, 21 व 22 मई को हजरत बाबा बुरादशाह और हजरत बाबा मोहम्मद शाह के सालाना उर्स का आयोजन किया गया है। इस उर्स को लेकर अंजुमन कमेटी द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। बुधवार को शाम सालाना उर्स की शुरुआत हुई। इस दौरान शहर के सदर रोड स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली गई। आतिशबाजी के साथ निकाली गई जुलूस में बड़ी संख्या में सभी धर्मों के लोग शामिल हुए और चादर को चूमकर दुआ मांगी। संदल चादर के साथ जुलूस सदर रोड, महामाया चौक, थाना चौक, बंगाली चौक होते हुए देर शाम तकिया पहुंची जहां संदल चादरपोशी की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने देश में एकता, अमन चैन के और भाई चारे की दुआ मांगी। इसके साथ ही इस बार उर्स के मौके पर सद्भावना मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में कवि-कवियित्री प्रो. वसीम बरेलवी, मंजर भोपाली, राज कौशिक, नईम अखतर खादमी, अज्म शाकिरी, डॉ. नदीम शाद, फैज खलीलाबादी, अतुल अजनबी, मारूफ रायबरेली, डॉ. मेहताब आलम, खुशबू श्रीवास्तव, सुन्दर मालेगांवी, राधिका मित्तल, दीपक अग्रवाल, सुफियान काजी शामिल हो रहे है। वहीं 21 व 22 मई को ख्यातिप्राप्त अजीज नाजा और कव्वाला तमन्ना बानो के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा। इस दौरान सदर इरफान सिद्दीकी, नायब सदर मिन्हाजुल खान, अफजाल अंसारी, लतीफ खान, रिजवान, परवेज आलम गांधी, जावेद खान, बंटी सिद्दीकी, अनीफ खान, सिकंदर खान सहित अन्य उपस्थित थे।

सरगुजा 30 कोचिंग हेतु चयन परीक्षा 23 को

अम्बिकापुर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा सरगुजा 30 कोचिंग वर्ष 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 12वीं (जीव विज्ञान एवं गणित संकाय) में अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 23 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगी।

जारी निर्देशानुसार सरगुजा जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत वे विद्यार्थी चयन परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने पूर्ववर्ती कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हों। कक्षा 9वीं हेतु कक्षा 8वीं, कक्षा 10वीं हेतु कक्षा 9वीं तथा कक्षा 12वीं (जीव विज्ञान एवं गणित संकाय) हेतु कक्षा 11वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। विद्यार्थियों को संबंधित अंकसूची की छायाप्रति एवं पालक की सहमति पत्र साथ लाना होगा। चयन परीक्षा केवल हिन्दी माध्यम में आयोजित की जाएगी तथा केवल हिन्दी माध्यम में अध्ययनरत विद्यार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। विद्यार्थियों को विद्यालय गणवेश में उपस्थित होना होगा तथा अध्ययनरत विद्यालय से प्राचार्य द्वारा प्रमाणित परिचय पत्र अथवा आई-कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रातः 10:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करने कहा गया है।

चयन परीक्षा के आधार पर कक्षा 9वीं हेतु 30 विद्यार्थियों, कक्षा 10वीं हेतु 10 विद्यार्थियों एवं कक्षा 12वीं हेतु 10 विद्यार्थियों का चयन मेरिट क्रम में किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को सरगुजा 30 कोचिंग के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कोचिंग कक्षाओं का संचालन 1 जून से शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित सरगुजा 30 भवन में प्रारंभ किया जाएगा। छात्र-छात्राओं हेतु पृथक छात्रावास एवं भोजन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दरीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.कल्पना दास
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

स्व.श्री राजा उमेश्वर शरण सिंहदेव जी

जन्म - 10 अक्टूबर 1940 निर्वाण-21 मई 2019

श्रद्धेय

स्व. श्री राजा उमेश्वर शरण सिंहदेव जी (श्री यू.एस.बाबा)

की सातवीं पुण्यतिथि पर

शत्-शत् नमन एवं

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा

दिनांक : 21 मई 2026
स्थान : सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट
समय : दोपहर 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

इफको सहकारिता बंधु पुरस्कार

सरगुजा राजपरिवार में जन्मे श्री राजा उमेश्वर शरण सिंहदेव सब के दिलों में सदैव बसे रहेंगें। अपनी सादगी सरलता व सहजता के कारण वे दूसरे राजनीतिक दलों के लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत थे। राजपरिवार में जन्म लेने के बाद भी वे अपने आप को किसान ही समझते थे। कृषि के क्षेत्र में रूचि ने ही उन्हें सरगुजा में सहकारिता का जनक बना दिया था। स्व. श्री राजा उमेश्वर शरण सिंहदेव जी को सहकारिता के क्षेत्र में उत्कष्ट कार्य के लिए सर्वोच्च इफको सहकारिता बंधु पुरस्कार मिला था।

स्व. राजा आ.श्री उमेश्वर शरण सिंहदेव जी के मार्गदर्शन में "संकल्प 2025" नाम से कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सरगुजा संभाग के कृषकों को आधुनिक कृषिक तकनीकों एवं सब्जी वर्गी फसलों की प्रगतिशील खेती से किसानों को जोड़ा। जिसने सरगुजा संभाग को खेती को एक नए आयाम तक पहुंचाया। उसी सार्थक पहल ने सरगुजा संभाग के किसानों के बीच में नवाचार को प्रदान किया जो कि एक वृद्ध रूप में करजी फार्म द्वारा आयोजित "संकल्प 2026" के रूप में एक राष्ट्रीय स्तर के कृषि मेला के 16 राज्य में लगभग 15000 कृषकों ने हिस्सा लिया।

करजी फार्म - प्रो. राकेश गुप्ता

स्व. राजा आ.श्री उमेश्वर शरण सिंहदेव जी ने कृषि और सहकारिता को नई ऊंचाइयां दी। सरगुजा में आधुनिक खेती का जनक उन्हें कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। सरल सहज यूएस बाबा लोगों के दिल पर राज किया करते थे। उन्होंने राजा के बजाय एक किसान के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। पिछड़े कहे जाने वाले सरगुजा संभाग में सहकारिता के माध्यम से कृषि को नई दिशा देने का श्रेय भी उनके नाम है।

बालकृष्ण पाठक
जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस, सरगुजा

आदरणीय यू.एस. सिंहदेव जी के व्यक्तित्व के बारे में क्या बतायें शब्द कम पड़ जायेंगे मृदुभाषी, मिलनसार, मददगार, निश्चल व्यक्तित्व के धनी थे, जिला सहकारी बैंक सरगुजा के लम्बे समय तक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष रहे उनके सानिध्य में गुजरे पल समृति शेष हैं जो जीवन पर्यन्त रहेंगे, जीवन के इस पड़ाव तक पहुंचने में जहां सुख, समृद्धि सब कुछ है उनका बहुत बड़ा योगदान है उनके पुण्यतिथि पर सपरिवार सादर श्रद्धाजंलि

आपका
देवेन्द्र सिंह

सरगुजा में सर्वप्रथम विदेशी नस्ल की जर्सी गाय के गौशाला की स्थापना "भारत कृषक समाज" का गठन कर आधुनिक कृषि के लिए लोगों को किया प्रेरित

स्व. श्री राजा उमेश्वर शरण सिंहदेव ने जयपुर विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में एमएससी व एलएलबी की शिक्षा प्राप्त कि थी। जब उन्होंने यह पढ़ाई की थी तब वह किसी भी सरकारी उच्च पद पर जा सकते थे पर उन्होंने सरगुजा में कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित कर दिया। भारत कृषक समाज' का गठन कर उन्होंने बड़ी संख्या में आधुनिक कृषि करने वाले लोगों को जोड़ा और प्रेरित किया। आज भी यह संगठन जीवित हैं और बड़ी संख्या में किसान इससे जुड़कर अपना विकास कर रहे हैं तथा लाभान्वित हो रहे है।

राजपरिवार में जन्म लेकर भी
स्व. श्री राजा उमेश्वर शरण सिंहदेव
ने सादगी, सरल व सहज व्यक्तित्व की जो छाप छोड़ी
उसका हर कोई कायल है। ऐसे पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक के
सातवीं पुण्यतिथि पर शत-शत नमन...

SARGAWA The Palace Resort

स्व. राजा उमेश्वर शरण सिंह देव के बताए गए रास्तों पर चलकर उनके पुत्र विंध्येश्वर शरण सिंहदेव (विंकी बाबा)वृन्दावन कृषि फार्म, गोकुल डेयरी, पिगरी, मछली पालन एवं बकरी पालन का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। लोगों के मांग के अनुरूप आदरणीय यूएस बाबा के सपनो को साकार करते हुए सरगवाँ द पैलेस रिसोर्ट का आदरणीय टी. एस. बाबा के द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2023 को शुभारम्भ किया गया।

सरगवां द पैलेस रिसॉर्ट में आम लोगों के बजट के अनुरूप ACरूम भव्य AC बैंकेट व गार्डन पूरी परह पारिवारिक माहौल में उपलब्ध हैं

SARGAWA The Palace Resort Raja US SinghDeo Marg Ambikapur, Dist - Surguja (C.G.)

खबर संक्षेप

शंकरगढ़ में पेट्रोल-डीजल पहुंचते ही उमड़ी भीड़, वाहनों की लगी लंबी कतारे

शंकरगढ़। शंकरगढ़ क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की किल्लत के बीच मंगलवार को बचवार स्थित पेट्रोल पंप में टैंकर पहुंचते ही बड़ी संख्या में वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की कमी बनी हुई थी। पेट्रोल व डीजल नहीं मिलने से लोग परेशान थे। साथ ही लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मंगलवार को जैसे ही पेट्रोल पंप में टैंकर पहुंचा तो देखते ही देखते वाहन चालक बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। बाइक, कार और अन्य वाहनों की लंबी लाइन लगने से आवागमन प्रभावित हुआ। तेज धूप के बीच घंटों इंतजार करना ग्राहकों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। लोगों ने बताया कि ईंधन की कमी के चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में नियमित रूप से पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

गायत्री शक्तिपीठ में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर प्रारंभ

सूरजपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ सूरजपुर में 18 से 23 मई तक व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विकास के साथ योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा भारतीय संस्कृति से जुड़ी विभिन्न विधाओं की जानकारी सरल एवं सहज तरीके से दी जा रही है। शुभारंभ अवसर पर भोला प्रसाद अग्रवाल, शिवशंकर कुशवाहा, लोचन प्रसाद गुप्ता,पवन गर्ग, अवधेश गोयल, सोमनाथ, राकेश कुशवाहा, पवन सिंह एवं शिव शंकर साहू उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन हेतु शांतिकुंज हरिद्वार से श्रीमती किरण श्रीवास्तव, अरुण कुमार आर्य, राजेश देवांगन एवं श्रीमती संध्या प्रधान पहुंचे हैं। उनके मार्गदर्शन में युवाओं के व्यक्तित्व निखारने का क्रम निरंतर संचालित हो रहा है। शिविर अंतर्गत 20 मई को नगर में भव्य नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से युवा नशा मुक्त भारत का संदेश जन-जन तक पहुंयाया।

पर्यटन मंत्री ने दिखाई हरीझंडी

सरगुजा में नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा तथा मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ

हरी झण्डी दिखा कर रवाना करते मंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को सरगुजा में नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा' तथा मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने हरीझंडी दिखाकर 12 आधुनिक डायल-112 वाहनों एवं मोबाइल फॉरेंसिक वैन को रवाना किया। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तकनीक आधारित सुशासन और नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा और मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ छत्तीसगढ़ में आधुनिक एवं त्वरित आपातकालीन सहायता व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक्के नंबर, सब्बो बर की भावना के साथ अब प्रदेशवासियों को पुलिस, मेडिकल, फायर और आपदा जैसी हर आपात स्थिति में एकीकृत एवं त्वरित सहायता उपलब्ध होगी। अत्याधुनिक तकनीकों से लैस यह व्यवस्था न केवल आपातकालीन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि आम जनता का सुरक्षा व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत करेगी। उन्होंने बताया कि मोबाइल फॉरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक जांच संभव हो सकेगी, जिससे अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार आएगा तथा साक्ष्य आधारित न्याय प्रणाली को मजबूती मिलेगी। बता दें कि नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा 24×7 संचालित होगी। इसमें जीआईएस आधारित मॉनिटरिंग, एडवांस व्हीकल ट्रैकिंग एसआईपी ट्रंक टेक्नोलॉजी और ऑटोमेटिक कॉलर लोकेशन पहचान प्रणाली जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। राज्य के सभी 33 जिला समन्वय केंद्रों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा गया है। नागरिक अब वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, व्हाट्सएप, चैटबॉट और एसओएस-112 इंडिया ऐप के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल सहित अन्य मौजूद थे।

खास बात

- आपात स्थिति में मिलेगी त्वरित सहायता

एक ही नंबर पर हर आपात स्थिति में त्वरित सहायता

'एक्के नंबर, सब्बो बर' थीम पर आधारित यह आधुनिक सेवा पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत करते हुए नागरिकों को एक ही नंबर पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराएगी। अब प्रदेशवासियों को पुलिस सहायता, मेडिकल इमरजेंसी, आगजनी, सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा प्रबंधन और हाईवे इमरजेंसी जैसी सेवाएं एकीकृत मंच पर उपलब्ध होंगी। इस सेवा के अंतर्गत अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड कैमरा, डैश कैम, मोबाइल एनवीआर तथा सोलर बैकअप जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन तकनीकों की सहायता से घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम ट्रैकिंग और त्वरित संचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

जिले में शुरू की गई इमरजेंसी डॉयल 112 की सुविधा दस वाहनों को विधायक ने दिखाई हरीझंडी

बलरामपुर। जिले में में इमरजेंसी सेवाओं के लिए डायल 112 की शुरुआत की गई। इस दौरान प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुन्तला पोर्ते ने जिले को प्रदान की गई 10 इमरजेंसी डॉयल 112 को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इसके साथ इस दौरान एसपी वैभव बैंकर ने बताया कि जिले में आमजन की सुरक्षा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित डायल 112 सेवा निरंतर प्रभावी रूप से कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। किसी भी आपातकालीन स्थिति जैसे फायर ब्रिगेड सेवा, सड़क दुर्घटना, एम्बुलेंस सेवा ,मारपीट, चोरी, महिला सुरक्षा, घरेलू विवाद, सड़क दुर्घटना अथवा अन्य संकट की स्थिति में आम नागरिक डायल 112 पर कॉल कर तत्काल बलरामपुर पुलिस से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि डायल 112 के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाती है तथा पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह सेवा 24 घंटे संचालित रहती है और जिले के सभी क्षेत्रों में सक्रिय है। उन्होंने आह्वान किया कि किसी भी आपात स्थिति में बिना घबराए डायल 112 पर संपर्क करें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही फर्जी अथवा अनावश्यक कॉल करने से बचें ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। इस दौरान डीएफओ आलोक बाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह, एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

मोबाइल फॉरेंसिक वैन से घटनास्थल पर ही होगी वैज्ञानिक जांच

प्रदेश में अपराध अनुसंधान को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 32 अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन अब घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराएंगी। 32 वैन-32 जिले एक संकल्प- सटीक जांच, त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित यह पहल साक्ष्य आधारित न्याय व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगी। लगभग 65 लाख रूपए प्रति यूनिट लागत वाली इन मोबाइल फॉरेंसिक वैन में घटनास्थल संरक्षण किट, साक्ष्य संग्रहण एवं सीलिंग उपकरण, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम, नार्कोटिक्स परीक्षण किट, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, उच्च गुणवत्ता फोटोग्राफी व्यवस्था, बुलेट होल स्क्रीनिंग एवं बैलिस्टिक जांच किट तथा गनशॉट रेजिड्यू परीक्षण किट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक अपराध स्थल से साक्ष्यों को प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने में समय लगने के कारण साक्ष्यों के दूषित होने और जांच रिपोर्ट में विलंब की संभावना बनी रहती थी। नई मोबाइल फॉरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही साक्ष्य संरक्षण, प्रारंभिक परीक्षण और डिजिटल दस्तावेजीकरण संभव हो सकेगा।

ठेला गुमटी संचालकों पर कार्रवाई से उपजा विरोध, लोगों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किए जाने के बाद स्थानीय छोटे व्यवसायियों एवं नागरिकों में नाराजगी देखने को मिली। आरोप है कि नगर पंचायत की कार्रवाई केवल चना दुकान, ठेला एवं छोटे व्यवसाय करने वाले गरीब लोगों तक सीमित रही जबकि मुख्य मार्गों और सड़क किनारे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण करने वाले रसूखदार व्यवसायियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले को लेकर पार्षद विश्वास गुप्ता सहित कई छोटे व्यवसायियों ने विरोध जताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में कई बड़े दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने स्थायी शेड लगा रखे हैं तथा सामानों को सड़क तक फैलाकर रखा जाता है, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसके बावजूद उन पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होना दोहरे मापदंड को दर्शाता है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों पर ही सख्ती दिखा रही है। प्रभावित ठेला संचालकों ने बताया कि वे वर्षों से बस स्टैंड क्षेत्र में चना, नाश्ता एवं अन्य खाद्य सामग्री बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। कार्रवाई के दौरान उनके ठेले हटाए गए और कुछ ठेले क्षतिग्रस्त भी हो गए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। व्यवसायियों का कहना है कि नगर पंचायत यदि चाहती तो पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराकर व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने की व्यवस्था कर सकती थी। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पंचायत से मांग की है कि गरीब ठेला व्यवसायियों के साथ संवेदनशीलता बरती जाए तथा उनके रोजगार को सुरक्षित रखने के लिए उचित स्थान आवंटित किया जाए। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सभी पर समान रूप से की जाए ताकि किसी वर्ग विशेष के साथ अन्याय की स्थिति उत्पन्न न हो। इधर शहर के व्यवसायियों को इन दिनों दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक ओर नगर पंचायत की कार्रवाई से छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर में चल रहे एनएच 343 सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शहर के अधिकांश हिस्सों में सड़क खोद दिए जाने से जगह-जगह गड्ढे और धूल का गुबार बना हुआ है। इससे आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग खरीदारी के लिए शहर आने से बच रहे हैं, जिसका सीधा असर स्थानीय व्यापार पर पड़ रहा है। ऐसे में नगरवासियों का सवाल है कि इस विषम परिस्थिति के बीच नगर पंचायत को आखिर इतनी जल्दबाजी में कार्रवाई करने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

इस कार्रवाई को लेकर नगर पंचायत सीएमओ रविन्द्र लाल ने बताया कि राजपुर के बस स्टैंड में कई दुकानदार जो नगर पंचायत के दुकान लिए हुए हैं वे अपने दुकानों में दुकान संचालन नही करते और बेतरतीब तरीके से बस स्टैंड के वाटर एटीएम और सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण कर दुकान संचालित कर रहे हैं। आए दिन दूर्घटना का अंदेशा बना रहता है ऐसे दुकानदारों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और जिसके पास दुकान नही है उन्हें चलित ठेला का प्रवधान दिया जाएगा जिससे उनकी जीविका आसानी से चल सकेगी। हमारी मन्सा किसी भी गरीब को परेशान करने या सताने का नही है।

- बड़े कब्जा धारियों के अतिक्रमण नहीं हटाने का आरोप,

बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री के नेतृत्व में किया विरोध प्रदर्शन

सीतापुर। बढ़ती महंगाई समेत अन्य मुद्दों के विरोध में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री के नेतृत्व में रैली निकाली जो मुख्य मार्ग से होते हुए साप्ताहिक बाजार पहुंची। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आज सभी मोर्चे पर विफल नजर आ रही है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र की यही मोदी सरकार कहती थी कि देशवासियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। देश के पर्याप्त मात्रा में ईंधन एवं रसोई गैस का भंडारण है लेकिन केंद्र सरकार की यह झूठ पकड़ी गई, आज पूरा देश ईंधन की कमी से जूझ रहा है। पेट्रोल डीजल की आपूर्ति के अभाव में पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लगने लगी है वही कई पेट्रोल पंपो पर ताले लग गये है। उन्होंने कहा कि केंद्र की निकम्मी सरकार उद्योगपतियों के हाथों की कठपुतली बनकर रह गई है। सरकार की गलत नीतियों के कारण आज देश की माली हालत काफी खराब हो गई है। देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है चारो तरफ अराजकता का माहौल निर्मित होने लगा है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में महंगाई की मार झेल रही जनता को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. लालचंद यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा, नपं अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, संदीप गुप्ता, अरुण गुप्ता, सुनील मिश्रा, शिव गुप्ता, पंकज दुबे, बदरुद्दीन इराकी, विजय गुप्ता, मनसुख राम, मंटू गुप्ता, शरद गुप्ता, नरेश बघेल, सुखदेव भगत, राजू पणिकर, मनीषा पणिकर, नागेश्वर भगत, अनमोल लकड़ा, जमुना यादव, बॉबी वाधवा, दिलेश तिग्गा, संतोष गुप्ता, उमेश दास, गौरीशंकर समेत काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736